माननीय दुर्ग - भिलाई [illegible] आयोग

विषय :- जाँच आयोग के समक्ष तत्कालीन मुख्यमंत्री (म० प्र० सरकार) सुन्दरलाल पटवा को अदालती [illegible] के रूप में तलब करने बाबत् ।

महोदय,

निवेदन है कि -

1. यह कि इस माननीय जाँच आयोग के समक्ष जाँच का प्रथम बिन्दु 01.07.1992 के भिलाई गोली चालन की पृष्ठभूमि एवं परिस्थितियों के बारे में है । दुर्ग-भिलाई अंचल के श्रमिक छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा से संबंधित ट्रेड यूनियनों के जरिए अपने उद्योगों-कारखानों में श्रम-कानूनों को लागू करवाने के लिए आन्दोलन कर रहे थे ।

2. यह कि भिलाई के उद्योगपतियों का गठबंधन भिलाई इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के रूप में सक्रिय है, जिसका अध्यक्ष बी. आर. जैन बहुचर्चित हवाला काण्ड के मुख्य अभियुक्तों में है । कि इस गठबंधन के विभिन्न आर्थिक एवं अन्य खूनी अपराध उजागर होते जा रहे हैं । देश के अग्रणी ट्रेड यूनियन नेता का. शंकरगुहा नियोगी की हत्या में इन उद्योगपतियों का हाथ सी. बी. आई. जाँच से उजागर हो चुका है ।

3. यह कि 27 जनवरी 1992 को बी. आर. जैन, कैलाशपति केडिया, मूलचन्द शाह के नेतृत्व में कुख्यात भिलाई इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने दुर्ग-भिलाई की सड़कों पर जुलूस निकाला, उस प्रदर्शन में उन्होंने छ० मु० मो० एवं उससे संबंधित ट्रेड-यूनियनों को निपटने के अपने अपराधिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु सरकारी तंत्र को अपने निजी तंत्र के रूप में इस्तेमाल करने के दुराग्रह का सार्वजनिक प्रदर्शन किया, जो कि स्पष्टत: हवाला धन के प्रभाव में उजागर [illegible] था ।

4. यह कि भिलाई में छ०मु०मो० संबंधित ट्रेड-यूनियनों से निपटने के लिए मुख्यमंत्री सुन्दरलाल पटवा ने भिलाई इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पक्ष में जिला प्रशासन का 1990 से लेकर 1992 तक [illegible] इस्तेमाल करने के तथ्य सार्वजनिक रूप से प्रकाशित हो चुके हैं ।

5. यह कि भिलाई के उद्योगपतियों की अवैधानिक गतिविधियों पर रोक लगाने के संबंध में राष्ट्रपति से मिल कर लौटे हुए कामरेड शंकरगुहा नियोगी ने भोपाल में सुन्दरलाल पटवा से मिलने का प्रयास किया तो सुन्दरलाल पटवा ने मिलने से इंकार कर दिया था।

6. इसके सप्ताह भर बाद भिलाई केन्द्रीय औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों ने नियोगी जी की हत्या करवा दी।

7. 01.07.1992 को भिलाई पुलिस गोलीकांड का समाचार भोपाल में तत्काल प्रसारित हुआ था।

8. यह कि 03.07.1992 को भिलाई में सुन्दरलाल पटवा ने स्वीकार किया कि भिलाई के उद्योगपति श्रम-कानूनों का पालन नहीं कर रहे हैं। परन्तु मेरे पास कानून नहीं है, जिसके द्वारा उन्हें कानून का पालन करवा सकूँ।

9. अतः अनुरोध है कि सत्य की तह तक पहुंचने के लिए सुन्दरलाल पटवा को अदालती गवाह के रूप में समन किया जाए।

दुर्ग,

दिनांक

आवेदक

(जनकलाल ठाकुर)

[illegible] मानवाधिकार दुर्ग (भिलाई) [illegible] आयोग

विषय :- 01.07.1992 के भिलाई पुलिस गोलीकाण्ड के सम्बन्ध में ।

महोदय जी,

हम प्रार्थीगण हेतु । भिलाई गोलीकाण्ड पीड़ित [illegible] मोर्चा द्वारा विनम्रतापूर्वक निवेदन है कि :-

1. यह कि हमारे माता-पिता भिलाई के विभिन्न उद्योग जैसे- बी.ई.सी., केडिया डिस्टलरीज, सिम्प्लेक्स, बी.के. तथा भिलाई स्टील प्लांट इत्यादि के श्रमिक हैं । वे अपनी कड़ी मेहनत द्वारा अपना जीवन यापन कर रहे हैं, और अपने परिवारों को पाल रहे हैं ।

2. यह कि छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के संघ छत्तीसगढ़ प्रगतिशील इंजीनियरिंग श्रमिक संघ द्वारा छत्तीसगढ़ केमिकल्स मिल मजदूर संघ के नेतृत्व तले हमारे माता-पिता अपने मूल संवैधानिक अधिकार जैसे पर्याप्त वेतन, काम का स्थायीकरण, सुरक्षा उपकरण आदि के लिए आन्दोलनरत हैं ।

3. यह कि भिलाई के उद्योगपतियों ने अवैध हमारे माता-पिता को काम से निकाल दिया था, और तब से वे [illegible] के विरुद्ध न्याय पाने के लिए आन्दोलनरत हैं ।

4. यह कि 1990-91 से हमारे माता-पिता, छ0मु0मो0 एवं उसके संघ यूनियनों के नेतृत्व में जुलूस, प्रदर्शन, गेट मीटिंग, धरना, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा नेता विपक्ष को ज्ञापन आदि के माध्यम से शान्तिपूर्ण आन्दोलन में जुड़े हैं ।

5. यह कि इसके बावजूद उद्योगपतियों ने श्रमिकों की मांगों की निरन्तर उपेक्षा की ।

6. यह कि हमारे माता-पिता ने अपने संघर्षों को तेज करते हुए भिलाई के विभिन्न जिलों में 25.05.92 से पदयात्रा "सत्याग्रह" आरंभ किया। 25.05.92 से लेकर 29.05.92 तक यह राजनांदगांव [illegible] में था, फिर 29.05.92 से 12.06.92 तक पदयात्रा [illegible] पहुँचा । 12.06.92 से 25.06.92 तक [illegible] में था, और अन्ततः 25.6.92 से 01.07.92 को [illegible] । मैदान में किया गया । पदयात्रा सत्याग्रह की शुरुआत 25.05.92 से ही उस और हमारे भाई-बहन, अपने माता-पिता के साथ खुले आसमान के नीचे रात रहे थे

[illegible]

7. तारीख 01.07.1992 को लगभग 09 बजे सुबह पुलिस पाण्डव नगर रेलवे लाइन पर ले आया गया। यहीं लगभग 4000 व्यक्ति एवं उनके परिवार साथ बच्चों सहित रेलवे लाइन पर धरना देने लगे।

8. हम पूरे दिन अपने माता-पिता के साथ रेल पटरी पर बैठे थे। हमारे माता-पिता कारखानों एवं श्रमिकों के नायकत्व में अपने जायज मांगों के विषय में धरना कर रहे थे।

9. लगभग सांय 05 बजे पुलिस के सिपाहियों की नफरी संख्या में 1000 रहे होंगे ने वहाँ व्यक्तियों को और हमको घेर लिया। लगभग 5.15 बजे बिना किसी सूचना के पुलिस ने हमारे माता-पिताओं पर लाठीचार्ज करना शुरू कर दिया, लाठियां बरसाईं और आंसूगैस के गोले छोड़े। इस लाठीचार्ज हमले में हमारे अनेक बच्चों और व्यक्तियों को चोटें आईं। फिर अचानक बिना किसी सूचना के पुलिस ने गोलीचालन आरंभ कर दी। हमारे माता-पिता ने हमें उठाकर हमारी व अपनी जान बचाने के लिए पास के बस्ती की ओर दौड़ पड़े। परन्तु पुलिस ने निरन्तर गोली चालन किया, और बस्तियों में भी हमारा पीछा किया। हममें से अनेक इस हमले में घायल हो गये।

यहाँ यहाँ तक कि पुलिस ने हममें से कुछ बच्चों को रेलवे लाइन के किनारे के गड्ढों में भी फेंक दिया। हम सबने इस बर्बर पुलिस गोली चालन को अपनी आँखों से देखा, क्योंकि हम स्वयं घटनास्थल पर थे।

10. हमने सुना है कि इस जांच आयोग के समक्ष यह गवाही दी गई कि बच्चे घटनास्थल पर मौजूद नहीं था। यह बात बिल्कुल असत्य है, और हम इस माननीय जांच आयोग के समक्ष अपनी गवाही देने की अनुमति चाहते हैं। ताकि 01.07.1992 के सम्बंध में सही तथ्यों की जानकारी दे सकें।

11. इस संबंध में हम जिलाधीश महोदय को भी दिनांक 23.12.96 को ज्ञापन सौंप चुके हैं, जिसकी एक प्रति संलग्न है।

12. चूँकि इस जांच आयोग का मकसद है, उन परिस्थितियों की जांच करने जिसकी वजह से बर्बर गोलीचालन में कई व्यक्तियों की मृत्यु एवं सैकड़ों व्यक्तियों एवं उनके बच्चों को चोटें आईं, अतः हमें आशा है कि यह माननीय जांच आयोग हमें अपनी आँखों के समक्ष घटी सत्य तथ्यों को प्रस्तुत करने का [illegible]

13. जानकारी और से जानकारी देने के उपयुक्त कार्यकर्ता-कमि कार्यकर्ताएं निम्न है :-

1. प्रतिमा कुमारी

2. [illegible]

3. [illegible]

4. [illegible]

5. Sunita Kr.
सुनीता कुमारी

"बाल अधिकार हेतु । आई सोशियलिस्ट पीपुल्स बाल मोर्चा"

समक्ष माननीय -दुर्ग (भिलाई) जांच आयोग

विषय: 1.7.92 के बर्बर पुलिस गोलीकांड के संबंध में ।

महोदय,

बाल अधिकार हेतु 1 जुलाई गोलीकांड पीड़ित बाल मोर्चा द्वारा विनम्रतापूर्वक निवेदन है कि:-

1. यह कि हमारे माता-पिता भिलाई के विभिन्न उद्योग जैसे - बी.इ. सी., केडिया डिस्टिलरी, सिम्पलेक्स, बी.के. तथा भिलाई वायर्स इत्यादि के श्रमिक हैं । वे अपनी कड़ी मेहनत द्वारा अपना जीवन यापन कर रहे हैं और अपने परिवारों को पाल रहे हैं ।

2. यह कि छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा से संबंद्ध यूनियन प्रगतिशील इंजीनिरिंग श्रमिक संघ तथा छत्तीसगढ़ केमिकल्स मिल मजदूर संघ के नेतृत्व तले हमारे माता-पिता अपने मूल संवैधानिक अधिकार जैसे पर्याप्त वेतन, काम का स्थाईकरण, सुरक्षा उपकरण आदि के लिए आन्दोलनरत है ।

3. यह कि भिलाई के उद्योगपतियों ने इसलिए हमारे माता-पिता को काम से निकाल दिया था और तब से उनके गैरकानूनी प्रताड़ना के खिलाफ न्याय पाने के लिए आन्दोलनरत हैं ।

4. यह कि 1990-91 से हमारे माता-पिता , छमुओं एवं उससे संबंध यूनियनों के नेतृत्व में जुलूस, प्रदर्शन, गेट मीटिंग, धरना, राष्ट्रपति प्रधानमंत्री तथा नेता विपक्ष को ज्ञापन आदि के माध्यम से शान्तिपूर्ण आन्दोलन से जुड़े हैं ।

5. यह कि इसके बावजूद उद्योगपतियों ने श्रमिकों की मांगों की निरन्तर अवहेलना की ।

6. यह कि हमारे माता-पिताओं ने अपने संघर्ष को तेज करते हुए भिलाई के विभिन्न हिस्सों में 25.5.92 से पड़ाव सत्याग्रह आरंभ किया। 25.5.92 से लेकर ---------- तक यह रावणभाटा जामुल में था, फिर ------ से ------- तक पड़ाव शारदापारा पहुंचा ---------- से -------- तक छावनी में था और अन्तत: ---------- को सेक्टर । मैदान में किया गया । पड़ाव सत्याग्रह की शुरूआत 25.5.92 से ही हम और हमारे भाई-बहन अपने माता-पिता के साथ खुले आसमान के नीचे नौ तपे के धूप और मानसून की बाधाओं को सहते हुए पड़ाव स्थल पर रहे तथा हमारा खाना भी वहीं पड़ाव पर ही बनता था ।

7. यह कि 1.7.92 को लगभग 9 बजे सुबह पड़ाव पावर हाउस रेलवे लाइन पर ले जाया गया। सभी लगभग 4000 श्रमिक एवं उनके परिवार बाल बच्चों समेत रेलवे लाइन पर धरना देने लगे

8. हम पूरे दिन अपने माता-पिता के साथ रेल पटरी पर बैठे थे । हमारे माता-पिता नारेबाजी एवं गीतों के माध्यम से अपने जायज मांगों के विषय में व्यक्त कर रहे थे ।

9. लगभग शांय 5 बजे पुलिस के सिपाहियों - जो लगभग संख्या में 1000 रहे होगें - ने संत श्रमिकों को और हम को घेर लिया। लगभग 5.15 बजे बिना किसी सूचना के पुलिस ने हमारे माता-पिताओं पर पथराव करना शुरू कर किया, लाठियां बरसाई और आंसूगैस के गोले छोड़े । इस नाजायज हमले में हमें से अनेक बच्चों और श्रमिकों को चोटे आई । फिर अचानक बिना किसी सूचना के पुलिस ने गोलपिलि आरंभ कर दी । हमारे माता-पिता ने हमें उठाकर हमारी व अपनी जान बचाने के लिए बंसत टाकिज की ओर दौड़ पड़े । परन्तु पुलिस ने निरन्तर गोली चालन किया और बस्तियां में भी हमारा पीछा किया। हममें से अनेक इस हमले में घायल हो गये । यहां तक कि पुलिस ने हममें से कुछ बच्चों को रेलवे लाइन के किनारे के गढ़ढ़ों में भी फेंक दिया । हम सबने इस बर्बर पुलिस गोली चालन को अपनी आंखों से देखा क्योंकि हम स्वयं घटनास्थल पर थे ।

10. हमने सुना है कि इस जांच आयोग के समक्ष यह गवाही दी गई कि बच्चे घटनास्थल पर मौजूद नही था । यह बात बिल्कुल असत्य है और हम इस माननीय जाच आयोग के समख अपनी गवाही देने की अनुमति चाहते है ताकि 1.7.92 के सम्बन्ध में सही तथ्यों की जानकारी दे सकें ।

11. इस सम्बन्ध में हम जिलाधीश महोदय को भी दिनांक ------- को ज्ञापन सोंप चुके हैं, जिसकी एक प्रति संलग्न है ।

12. चूंकि इस जांच आयोग का मकसद है उन परिस्थितियों की जांच करने जिसकी वजह से बलेट गोली चालन में कई श्रमिकों की मृत्यु एवं सैकड़ों श्रमिकों एवं उनके बच्चों को चोटे आई, अतः हमें आश्य है कि यह माननीय जांच आयोग हमें अपनी आखड़ों के समक्ष घटी सत्य तथ्यों को प्रस्तुत करने की हमारी प्रार्थना को स्वीकार करेगा ।

13. हमारी ओर से गवाही देने के इच्छुक बालक-बालिकाएं निम्न हैं ।

1.
2.
3.
4.
5.

"बाल अधिकार हेतु 1 जुलाई गोलीकांड पीड़ित बाल मोर्चा "

समक्ष माननीय दुर्ग (भिलाई) जांच आयोग

विषय: 1.7.92 के बर्बर पुलिस गोलीचलान के संबंध में

महोदय,

विनम्रतापूर्वक निवेदन है कि -

1. यह कि मैंने इस जांच आयोग के समक्ष शप्थ प्रस्तुत किया था कि मैं उन श्रमिकों में से एक हूं जिन्होंने 1.7.92 को पावर हाउस रेलवे लाइन पर पड़ा सत्याग्रह में भाग लिया था और मैं आयोग के समक्ष उस बर्बर पुलिस गोली चलान के सम्बन्ध में कुछ तथ्य रख सकता हूं जिससे मेरे 16 साथियों की मृत्यु हुई और सैकड़ों श्रमिक महिला-पुरूष घायल हुए ।

2. यह कि मुझे जांच आयोग के समक्ष बयान हेतु बुलाया गया। मैं दिनांक -------- को आयोग के समक्ष प्रस्तुत हुआ और मेरा प्रतिपरिक्षण किया गया ।

3. यह कि मैंने माननीय आयोग के समक्ष यह कहा था कि शपथ पत्र में दिये गये तथ्यों के अलावा 1.7.92 के पुलिस गोलीचलान के सबंध में कुछ अन्य ऐसे तथ्य भी है, जिन्हें मैं आयोग के समक्ष बयान करना चाहता हूं । ये तथ्य गोलीचलान के बाद हुआ दमनचक्र तथा श्रमिकों के प्रति किये गये अमानवीय व्यवहार के सम्बन्ध में है परन्तु इन माननीय आयोग ने इन तथ्यों को कलमतदं करने से इंकार किया ।

4. यहां यह बताना प्रासंगिक है कि मैंने अपने शपथ-पत्र में अनुच्छेद ------ में कहा था कि शपथ-पत्र में दर्ज तथ्यों के अलावा इस आयोग के जांच के विषय में संबंधित कुछ अन्य तथ्यों को मैं आयोग के समक्ष बयान करना चाहूंगा ।.

5. यह कि जिन अतिरिक्त तथ्यों को मैं आयोग के समक्ष बयान करना चाहता हूं वे सत्य की तह तक पहुंचने के लिए आवश्यक हैं । अतः 1.7.92 के पुलिस गोलीचलान से संबंधित अतिरिक्त तथ्यों को बयान करने की अनुमति प्रदान करें ।

आवेदक

पुजाराम जोशी, तिलक साहू एवम् मूलचंद साहू आदि के आवेदन

समक्ष माननीय जांच आयोग

विषय: 1.7.92 के बर्बर पुलिस गोली चलान के जांच आयोग में सत्य की तह तक पहुंचने के लिए तत्कालीन कमीशनर डी.आई.जी. एवं आई.जी. (भिलाई रेंज) को अदालती गवाह बनाने हेतु।

महोदय,

निवेदन हे :

1. इस माननीय जांच आयोग को 1.7.92 के बर्बर पुलिस गोली चलान के घटना क्रम एवं परिस्थितियों के संदर्भ में सत्य की तह तक पहुचंने का कार्य सौंपा गया है। इस हेतु यह आवश्यक है कि वे सभी जिम्मेदार अधिकारी गण जो घटनाक्रम पर महत्वपूर्ण रोशनी डाल सकते हैं के बयान कलम बन्द किए जाएं ।

2. यह कि जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी ----- कमीशनर (रायपुर संभाग) आइ.जी. (भिलाइ रेंज), एवं डी.आइ.जी., न केवल 1.7.92 के दिन विभिन्न निर्णयों के सीधे तौर पर जुड़े थे, अपितु 1.7.92 के पूर्व श्रमिकों एवं उद्योगपतियों की समझौता वार्ताओं से भी जुड़े हुए थे । अतः इसलिए सत्य की तह तक पहुंचने के लिए कमीश्नर , आइ.जी, डी.आइ.जी. के बयान के बयान होना अति आवश्यक हे । अतः निवेदन है कि उन्हें अदालती गवाह के रूप में प्रस्तुत कराया जाए ।

3. यह कि तत्कालीन कमीश्नर (रायपुर संभाग) श्री ए.डी. मोहिले 1.7.92 को पुलिस कंट्रोल रूप भिलाइ में उपस्थित थ। पूरी परिस्थिति के नियंत्रण करने वाले के सबसे बड़े अधिकारी थे। आयोग के समक्ष तत्कालीन जिलाधीश पी.सी. तोमर के बयान में भी यह बात आइ है वि कमीश्नर ए.डी. मोहिले ने ही छ-मु-ओ के प्रतिनिधि मण्डल से अन्तिम चर्चाएं की थी। अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के शपथ-पत्र में भी यह बात आइ है । 25.5.92 से 1.7.92 तक चलने वाले पड़ाव 'सत्याग्रह' के पूर्व की घटनाओं एवं परिस्थितियों पर थे वे रोशनी डाल सकते हैं क्योंकि उन्होंने जनवरी 1992 समेत अनके समझोता वार्ताओं की अध्यक्षता की थी। जनवरी 1992 के औद्योगिक विवाद के हल के लिए एक मसौदा तैया किया गया था जो भिलाइ इंजीनियरिंग कार्पोरेशन (उरला) में उसी समय लागू किया जाना था। परन्तु हवाला अभियुक्त बी.आर.जैन, सुरेन्द्र जैन की इस कम्पनी ने समझौते को लागू करने से इन्कार कर दिया

4. अतः निवेदन है कि कमीश्नर ए.डी. मोहिले को अदालती गवाह के रूप में अदालत मे समन किया जाए ।

5. यह कि डी.आइ.जी. पुलिस श्री एन.के. धरौलिया भी 1.7.92 को निरन्तर भिलाइ पुलिस कन्ट्रोल रूम मे मौजूद थे और पावर हाउस रेलवे पटरी पर मौजूद विभिन्न स्थानों एवं महकमों से बुलाए गए पुलिस बल के कमांडिंग अफसर थे । इस प्रकार सत्य की तह तक पहुंचने के लिए तत्कालीन डी.आइ.जी. धरौलिया का साक्ष्य अति आवश्यक है एवं निवेदन है कि उन्हें अदालती गवाह के रूप में समन किया जाए ।

6. यह कि आइ.जी. पुलिस (भिलाइ रेंज) का रेज मुख्यालय भिलाइ में है । आइ.जी. कार्यालय, औद्योगिक विवाद एक भिलाई के उद्योगपतियों की गैर-कानूनी गतिविधियों से उत्पन्न कानून और व्यवस्था के सवालो में सक्रिय रूप से सम्मिलित था। स्वयं आइ.जी. पुलिस एन.के. सिंह 1.7.92 को भिलाइ कार्यालय में उपस्थित थे और पूरे घटना क्रम की निरन्तर गिरानी कर रहे थे। अतः निवेदन हे कि सत्य की तह तक पहुंचने के लिए तथा आइ.जी. (भिलाइ क्षेत्र) एन.के. सिंह करे अदालती गवाह के रूप में आयोग के समक्ष समन किया जाए।

प्रार्थी
जनकलाल ठाकुर
विधायक एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा

समक्ष माननीय दुर्ग- भिलाई जांच आयोग

विषय: **जांच आयोग के समक्ष तत्कालीन उद्योगमंत्री , म0 प्र0 सरकार श्री कैलाश जोशी को अदालती गवाह के रूप में समन करने बाबत् ।**

महोदय,

निवेदन है -

1. यह कि इस माननीय जांच आयोग के समक्ष जांच का प्रथम बिन्दु 1.7.92 के बर्बर गोली चलान की पृष्ठभूमि एवं परिस्थितियों के बारे में हैं । दुर्ग-भिलाई अंचल के श्रमिक छ-मु5मो से संबंधित ट्रेड यूनियनों के बैनर तले अपने उद्योगों - कारखानों में श्रम-कानूनों को लगू करवाने के लिए आन्दोलन कर रहे थे ।

2. यह कि भिलाई के उद्योगपतियों का गठबंधन भिलाई इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के रूप में सक्रिय है जिसका चैयरमैन बी.आर. जैन बहुचर्चित हवाला काएड के मुख्य अभियुक्तों मे है । कि इस गठबंधन के विभिन्न आर्थिक एवं अन्य खूनी अपराध उजागर होते जा रहे हैं । देश के अग्रतम ट्रेड-यूनियन नेता का. शंकरगुहा नियोगी की हत्या में इन उद्योगपतियों का हाथ सी.बी.आई. जांच में उजागर हो चुका है ।

3. यह कि 27 जनवरी 92 को बी.आर. जैन, कैलाशपति केडिया, मूलचन्द शाह के नेतृत्व में कुख्यात भिलाई इडस्ट्रिज एसोसियेशन में दुर्ग-भिलाई की सड़कों पर जुलूस निकाला उस प्रदर्शन मे उन्होंने छ-मु-मो एवं उससे संबंधित ट्रेड यूनियनों को निपटने के अपने अपराधिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु सरकारी तंत्र को अपने निजी तंत्र के रूप में इस्तेमाल करने के दुराग्रह का सार्वजनिक प्रदर्शन किया जो कि स्पष्टतः हवाला धन के प्रभाव में उठाया गया कदम था।

4. यह कि दिनांक ----------के सी.बी.आई. ने हवाला प्रकरण के तत्कालीन उद्योगमंत्री श्री कैलाश जोशी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है जिसके अनुसार बी.आर.जैन से कैलाश जोशी ने ----------- रूपये प्राप्त करि लाभ पहुंचाया ।

5. यह कि 22 मई 1992 से 1 जुलाई 1992 को गोलीकांड के दिन तक राज्य सरकार के जिम्मेदार प्रतिनिधि के रूप में कैलाश जोशी सक्रिय रूप से भिलई औद्योगिक विवाद , उससे उत्पन्न कानून एवं व्यवस्थ के प्रश्न तथा उसके समाधान की प्रक्रिया के इंचार्ज बने हुए थे एवं उस प्रकार घटनाक्रम से पूरी तरह से जुड़े हुए थे ।

6. 1 जुलाई 92 को दिन भी भिलाई पुलिस कन्ट्रोल रूप भोपाल से सम्पर्क बनाए हुउ था। .

7. ठस प्रकार , प्रथम दृष्ट्या कैलाश जोशी एवं राज्य सरकार द्वारा हवाला धन के कुप्रभाव में । जुलाई 92 को बर्बर गोली चालन का मामला बनता है । अतः निवेदन है कि सत्य की तह तक पुहंचने के लिए कैलाश जोशी को अदालती गवाह के रूप में समन किया जाए ।

प्रार्थी

जनकलाल ठाकुर

समक्ष माननीय दुर्ग-भिलाई जांच आयोग

विषय: **जांच आयोग के समक्ष तत्कालीन मुख्यमंत्री (म.प्र. सरकार (सुन्दरलाल पटवा को अदालती गवाह के रूप में समन करते बाबत्**

महोदय,

निवेदन है कि -

1. यह कि इस माननीय जांच आयोग के समक्ष जांच का प्रथम बिन्दु 1.7.92 के बर्बर गोली चालना की पृष्ठभूमि एवं परिस्थितियों के बारे मे हैं । दुर्ग-भिलाई अंचल के श्रमिक छ--मु-मो से सबंधित ट्रेड यूनियनों के बैनर तले अपने उद्योगों - कारखानों में श्रम-कानूनों को लागू करवाने के लिए आन्दोलन कर रहे थे ।

2. यह कि भिलाई के उद्योगपतियों का गठबंधन भिलाई इंडस्ट्रिज एसोसियेशन के रूप में सक्रिय हैं जिसकाव चेयरमेन बी.आर. जैन बहुचर्चित काण्ड के मुख्य अभियुक्तों में हैं । कि इस गठनंधन के विभिन्न आर्थिक एवं अन्य खूनी अपराध उजागर होते जा रहे हैं । देश के अग्रतम ट्रेड-यूनियन नेता का. शंकरगुहा नियोगी की हत्या में इन उद्योगपतियों का हाथ सी.बी.आई. जांच से उजागर हो चुका है ।

3. यह कि 27 जनवरी 92 को बी.आर. जैन , कैलाशपति केडिया, मूलचन्द शाह के नेतृत्व में कुख्यात भिलाई इंडस्ट्रिज एसोसियेशन में दुर्ग-भिलाई की सड़कों पर जुलूस निकाला उस प्रदर्शन में उन्होंने छु-मु-मो एवं उससे संबंधित ट्रेड- यूनियों को निपटने केके अपने अपराधिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु सरकारी तंत्र को अपने निजी तंत्र के रूप में इस्तेमाल करने के दुराग्रह का सार्वजनिक प्रदर्शन किया जो कि स्पष्टतः हवाला धन के प्रभाव में उठाया गया कदत था ।

4. यह कि भिलाई में छ-मु-मो संबंधित ट्रेड यूनियनो से निपटने के लिए मुख्यमंत्री सुन्दरलाल पटवा ने भिलाई इंडस्ट्रिज एसोसियेशन के पक्ष में जिला प्रशासन का 1990 से लेकर 1992 तक

अनेकों बार इस्तेमाल करने के तथ्य सार्वजनिक रूप से प्रकाशित हो चुके हैं ।

5. यह कि भिलाई के उद्योगपतियों की अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के संबंध में राष्ट्रपति से मिल कर लोटते हुए जब श्री शंकरगुहा नियोगी ने भोपाल में सुन्दरलाल पटवा से मिलने का प्रयास किया तो सुन्दरलाल पटवा ने मिलने से भी इन्कार कर दिया था।

6. इसे सप्ताह भर बाद भिलाई इंडस्ट्रिज एसोसियेशन के उद्योगपतियों ने नियोगी जी की हत्या करवा दी ।

7. 1.7.92 को भिलाई पुलिस कन्ट्रोल रूम लगातार भोपाल से सम्पर्क बनाए ए था ।

8. यह कि 3.7.92 को भिलाई में सुन्दरलाल पटवा ने स्वीकार किया कि भिलाई के उद्योगपति श्रम-कानूनों का पालन नही कर रहे हैं । परन्तु मेरे पास कानून नहीं हैं जिसके द्वारा उन्हें कानून का पालन करवा सकूं ।

9. अतः अनुरोध है कि सत्य की तह तक पहुंचने के लिए सुन्दरलाल पटवा को अदालती गवाह के रूप में समन किया जाए ।

प्राथी

जनकलाल ठाकुर

विषय :-- 01.07.92 के बर्बर पुलिस गोली चालन के जाँच आयोग, में सत्य की तह तक पहुंचने के लिए तत्कालीन कमिश्नर, डी.आई.जी. एवं आई.जी. (भिलाई रेंज) को अदालती गवाह बनाने हेतु ।

महोदय,

निवेदन है :-

1. इस माननीय जाँच आयोग को 01.07.92 के बर्बर पुलिस गोली चालन के घटना क्रम एवं परिस्थितियों के संदर्भ में सत्य की तह तक पहुंचने का कार्य सौंपा गया है । इस हेतु यह आवश्यक है कि वे सभी जिम्मेदार अधिकारीगण जो घटनाक्रम पर महत्वपूर्ण रोशनी डाल सकते हैं, कि बयान कलम बन्द किये जाएं ।

2. यह कि जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारीगण, एo डीo मोहिले कमिश्नर (रायपुर संभाग) आई.जी. (भिलाई रेंज) एवं डी.आई.जी. न केवल 01.07.92 के दिन विभिन्न निर्णयों से सीधे तौर पर जुड़े थे, अपितु 01.07.1992 से पूर्व श्रमिकों एवं उद्योगपतियों की सभी समझौता वार्ताओं से भी जुड़े हुए थे । अतः इसलिए सत्य की तह तक पहुंचने के लिए कमिश्नर, आई.जी., डी.आई.जी. के बयान होना अतिआवश्यक है । अतः निवेदन है कि उन्हें अदालती गवाह रूप में प्रस्तुत कराया जाय ।

3. यह कि तत्कालीन कमिश्नर (रायपुर संभाग) श्री एo डीo मोहिले 01.07.1992 को पुलिस कंट्रोल रूम भिलाई में उपस्थित था । पूरी परिस्थिति के नियंत्रण करने वाले सबसे बड़े अधिकारी थे । आयोग के समक्ष तत्कालीन जिलाधीश - पीo एसo तोमर के बयान में भी यह बात आई है कि कमिश्नर - एo डीo मोहिले ने ही छo मुo मोo के प्रतिनिधि मण्डल से अंतिम चर्चाएं की थी । अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के शपथ-पत्र में भी यह बात आई है । 25.05.1992 से 01.07.1992 तक चलने वाले पटरी "सत्याग्रह" के पूर्व की घटनाओं एवं परिस्थितियों पर वे रोशनी डाल सकते हैं, क्योंकि उन्होंने जनवरी 1992 समेत अनेक,

समझौता वार्ताओं की अध्यक्षता की थी । जनवरी 1992 के औद्योगिक विवाद के हल के लिए एक समझौता तैयार किया गया था, जो भिलाई इंजीनियरिंग कार्पोरेशन [illegible] में उसी समय लागू किया जाना था । परन्तु हवाला अभियुक्त [illegible] जैन, सुरेन्द्र जैन की इस कम्पनी ने समझौते को लागू करने से इंकार कर दिया ।

4. अतः निवेदन है कि कमिश्नर एस. डी० मोहिले को अदालती गवाह के रूप में अदालत में समन किया जाय ।

5. [illegible] कि डी. आई. जी. पुलिस श्री एस० के० [illegible] 1. 07. 92 को निरन्तर भिलाई पुलिस [illegible] रूप में मौजूद थे, और [illegible] हाउस रेलवे पटरी पर मौजूद, [illegible] बुलाए गए पुलिस बल के कमांडिंग अफसर थे । इस प्रकार [illegible] की तह तक पहुंचने के लिए तत्कालीन डी. आई. जी. [illegible] का साक्ष्य अति आवश्यक है, एवं निवेदन है कि उन्हें अदालती गवाह के रूप में [illegible] किया जाय ।

6. [illegible] कि आई. जी. पु[illegible] [illegible] रैं[illegible] [illegible] में है । आई. [illegible] [illegible] उद्योगपतियों की गैर-कानू[illegible] [illegible] [illegible] व्यवस्था के सवालों में [illegible] सक्रिय रूप से [illegible] था । [illegible] आई. जी. पुलिस एस. के. सिंह 01. 07. 1992 को भिलाई [illegible] में उपस्थित थे, और पूरे घटना क्रम की निरन्तर निगरानी कर रहे थे ।

अतः निवेदन है कि [illegible] तह तक पहुंचने के लिए तथा आई. जी. [illegible] भिलाई [illegible] [illegible] में आयोग के समक्ष समन किया जाय ।

दुर्ग,

दिनांक 11-4-96

आवेदक

[signature]

(जनकलाल ठाकुर)

समक्ष माननीय दुर्ग भिलाई जाँच आयोग

विषय :-- जाँच आयोग के समक्ष तत्कालीन उद्योगमंत्री, म0 प्र0 सरकार, श्री कैलाश जोशी को अदालती गवाह के रूप में समन करने बाबत् ।

महोदय,

निवेदन है :--

1. यह कि इस माननीय जाँच आयोग के समक्ष जाँच का प्रथम बिन्दु 01. 07. 92 के बर्बर गोली चालन की पृष्ठभूमि एवं परिस्थितियों के बारे में हैं । दुर्ग भिलाई छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा से संबंधित ट्रेड युनियनों के बैनर तले अपने उद्योगों-कारखानों में श्रम-कानूनों को लागू करवाने के लिए आन्दोलन कर रहे थे ।

2. यह कि भिलाई के उद्योगपतियों का गठबंधन भिलाई इंडस्ट्रीज एसोसियेशन के रूप में सक्रिय है, जिसका चेयरमैन बी. आर. जैन बहुचर्चित हवाला काण्ड के मुख्य अभियुक्तों में है । कि इस गठबंधन के विभिन्न आर्थिक एवं अन्य खूनी अपराध उजागर होते जा रहे हैं । देश के अग्रतम ट्रेड-यूनियन नेता का. शंकर गुहा नियोगी की हत्या में इन उद्योगपतियों का हाथ सी. बी. आई. जाँच में उजागर हो चुका है ।

3. यह कि 27 जनवरी 1992 को बी. आर. जैन, कैलाशपति केडिया, मूलचंद शाह के नेतृत्व में कुख्यात भिलाई इंडस्ट्रीज एसोसियेशन ने दुर्ग भिलाई की सड़कों पर जुलूस निकाला उस प्रदर्शन में उन्होंने छ0 मु0 मो0 एवं उससे संबंधित ट्रेड युनियनों को निपटने के अपने अपराधिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु सरकारी तंत्र को अपने निजी तंत्र के रूप में इस्तेमाल करने के दुराग्रह का सार्वजनिक प्रदर्शन किया जो कि स्पष्टतः हवाला धन के प्रभाव में उठाया गया कदम था ।

4. यह कि दिनांक 24.02.96 के सी. बी. आई. ने हवाला प्रकरण के तत्कालीन उद्योगमंत्री श्री कैलाश जोशी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है, जिसके अनुसार बी. आर. जैन से कैलाश जोशी ने .... रूपये प्राप्त कर लाभ पहुँचाया ।

5. यह कि 22 मई 1992 से 1 जुलाई 1992 को गोलीकाण्ड के दिन तक राज्य सरकार के जिम्मेदार प्रतिनिधि के रूप में कैलाश जोशी सक्रिय रूप से भिलाई औद्योगिक विवाद, उससे उत्पन्न कानून एवं व्यवस्था के प्रश्न तथा उसके समाधान की प्रक्रिया के इंचार्ज बने हुए थे, एवं उस प्रकार घटनाक्रम से पूरी तरह से जुड़े हुए थे ।

6. 1 जुलाई 1992 के दिन भी भिलाई पुलिस कन्ट्रोल रूम भोपाल से सम्पर्क बनाए हुआ था ।

7. इस प्रकार प्रथम दृष्टया कैलाश जोशी एवं राज्य सरकार द्वारा हवाला धन के कुप्रभाव में 1 जुलाई 1992 को बर्बर गोली चालन का मामला बनता है । अतः निवेदन है कि सत्य की तह तक पहुंचने के लिए कैलाश जोशी को अदालती गवाह के रूप में समन किया जाय ।

आवेदक
(जनकलाल ठाकुर)

दुर्ग,

दिनांक 12-4-96

समक्ष माननीय [illegible] जाँच आयोग

विषय :— 01.07.1992 के बर्बर पुलिस गोलीचालन के संबंध में ।

महोदय जी,

निम्नलिखित निवेदन है कि -

1. यह कि मैंने इस जाँच आयोग के समक्ष शपथ प्रस्तुत किया था, कि मैं उन व्यक्तियों में से एक हूँ, जिन्होंने 01.07.92 को पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन पर शांतिपूर्ण "सत्याग्रह" में भाग लिया था, और मैं आयोग के समक्ष उस बर्बर पुलिस गोली चालन के सम्बंध में कुछ तथ्य रख सकता हूँ, जिससे मेरे 16 साथियों की मृत्यु हुई और सैकड़ों व्यक्ति महिला - पुरुष घायल हुए ।

2. यह कि मुझे जाँच आयोग के समक्ष बयान हेतु बुलाया गया । मैं दिनांक 25.02.96 को आयोग के समक्ष प्रस्तुत हुआ, और मेरा प्रतिपरीक्षण किया गया ।

3. यह कि मैंने माननीय आयोग के समक्ष यह कहा था कि शपथ-पत्र में दिये गये तथ्यों के अलावा 01.07.1992 के पुलिस गोलीचालन के सम्बन्ध में कुछ अन्य ऐसे तथ्य भी हैं, जिन्हें मैं आयोग के समक्ष बयान करना चाहता हूँ । ये तथ्य गोलीचालन के बाद हुआ अमानवीय तथा घायलों के प्रति किये गये अमानवीय व्यवहार के संबंध में है, परन्तु माननीय आयोग ने इन तथ्यों को बयान करने से इनकार किया ।

4. यहाँ यह बताना प्रासंगिक है कि मैंने अपने शपथ-पत्र में अनुच्छेद 08... में कहा था कि शपथ-पत्र में दर्ज तथ्यों के अलावा इस आयोग के जाँच के विषय में संबंधित कुछ अन्य तथ्यों को मैं आयोग के समक्ष बयान करना चाहूँगा ।

...2

5. यह कि इन्हीं अतिरिक्त तथ्यों को मैं आयोग के समक्ष बयान करना चाहता हूँ, जो सत्य की तह तक पहुँचने के लिए आवश्यक है ।

अतः 01. 07. 1992 के पुलिस गोलीचालन से सम्बंधित अतिरिक्त तथ्यों को बयान करने की अनुमति प्रदान करें ।

दुर्ग,

दिनांक

आवेदक
(तिलकराम साहू)

समक्ष श्रीमान् भिलाई [दुर्ग] गोली चालन जाँच आयोग, दुर्ग [म.प्र.]

श्री जनक लाल ठाकुर
अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा
एम.आई.जी. 1/55 आमदी नगर
हुडको, भिलाई ... आवेदक

आवेदन पत्र वास्ते श्रीमान् के द्वारा दिये गये आदेश के विरूद्ध उच्च-न्यायालय में कार्यवाही हेतु प्रमाणित प्रतिलिपि प्रदान करने बाबत् ।

आवेदक निम्न प्रार्थना करते हैं :—

1. यह कि श्रीमान् द्वारा दिनांक 13.04.96 को श्री जनक लाल ठाकुर, 1 जुलाई गोलीकाण्ड पीड़ित बाल मोर्चा, पुनाराम लोधी तथा तिलक राम साहू के आवेदनों को अस्वीकार किया गया, जिससे आवेदक सहमत नहीं है, और पीड़ित होना महसूस करते हैं ।

2. यह कि श्रीमान् के आदेश के विरूद्ध आवेदक माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में उचित कार्यवाही करना चाहते हैं ।

3. यह कि आवेदक की द्रुष्टि में ये मुद्दे सबल और न्यायहित में आवश्यक है, और उन्हें सफलता की आशा है ।

4. यह कि श्रीमान् द्वारा पारित किये गये आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि तुरन्त देने का आदेश दिया जावे, जिससे कि बिना किसी विलंब के वे अगली कार्यवाही कर सकें । प्रमाणित प्रतिलिपि में जो भी खर्च आयेगा उसे वहन के लिए आवेदक तैयार है ।

अतः श्रीमान् से निवेदन है कि उच्च न्यायालय से कार्यवाही हेतु नकल मिलने के पश्चात् एक माह का समय प्रदान किया जावे ।

दिनांक : 08.05.96

आवेदक

[जनक लाल ठाकुर]

समक्ष भिलाई (दुर्ग) गोली चालन जांच आयोग दुर्ग (म. प्र.)

अध्यक्ष,

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा

एवं अन्य - 5 — आवेदकगण (5)

: विरुद्ध :

1. मध्य-प्रदेश शासन,
द्वारा जिलाधीश दुर्ग (म. प्र.)

2. अध्यक्ष/सचिव,
भिलाई इण्डस्ट्रीज एसोसियेशन,
61, इंडस्ट्रीज एरिया भिलाई,
दुर्ग (म. प्र.) — अनावेदकगण

दिनांक 15.09.93

आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 8 जांच आयोग अधिनियम 1952 एवं शपथ-पत्र के संबंध में :-

आवेदकगण निम्न प्रार्थना करते है :-

1. यह कि श्रीमान ने इस जांच में आवेदकों के शपथ-पत्र पर प्रति-परीक्षण करने का आदेश दिया है और जिसका अर्थ यह हुआ कि श्रीमान के समक्ष साक्षियों के बयान नहीं लिए जायेंगे ।

2. यह कि शपथ-पत्र में कई प्रासंगिक तथ्यों का समावेश नहीं हुआ है, और शपथकर्ता ने सम्पूर्ण घटना के बारे में अपने शपथपत्रों में उल्लेख नहीं किया है । कुछ शपथ पत्र तो अत्यंत छोटे और अपने आप में बहुत अपूर्ण है । शपथकर्ता ने अपने शपथपत्र में यह स्पष्ट प्रार्थना की है कि उनके द्वारा दिये गये शपथपत्र में संपूर्ण घटना का विवरण नहीं दिया गया है और उन्होंने यह भी प्रार्थना किया है कि वे आयोग के समक्ष पूर्ण विवरण सहित, अपना बयान देना चाहते है, जिसके विरुद्ध वह प्रतिपरीक्षण कर सकते हैं ।

अतः श्रीमान से निवेदन है कि शपथपत्रों को मुख्य परीक्षण न माना जावें क्योंकि वे अधिकांश एवं महत्व पूर्ण तथ्यों में अपूर्ण है, इसलिए आपके समक्ष साक्षियों को परीक्षण एवं प्रति-

P. C. KANKARIA

समक्ष भिलाई (दुर्ग) गोली चालन जांच आयोग दुर्ग (म.प्र.)

अध्यक्ष,

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा

एवं अन्य – 3 – आवेदकगण (4)

: विरुद्ध :

1. मध्य-प्रदेश शासन द्वारा जिलाधीश दुर्ग (म.प्र.)

2. अध्यक्ष/सचिव,
भिलाई इन्डस्ट्रीज एसोसियेशन,
61, इंडस्ट्रीज एरिया भिलाई,
दुर्ग (म.प्र.) – अनावेदकगण

दिनांक 15.09.93

आवेदन पत्र अन्तर्गत आदेश 11 नियम 12 व्या.प्र.सं. सहपठित धारा 4 जांच आयोग अधिनियम 1952 ।

आवेदक निम्न प्रार्थना करता है :-

1. यह कि गोलीकाण्ड घटना के संबंध में आवेदकगणों ने शासन को कई महत्वपूर्ण शिकायतें भेजी है, और प्रलेखों को शासन ने अपने जवाब के साथ प्रस्तुत नहीं किया है । पुलिस थानों में भी की गई रिपोर्टों को शासन ने श्रीमान के समक्ष पेश नहीं किया है । जिसका विवरण संलग्न अनुसूची "अ" में दिया गया है ।

2. यह कि ये प्रलेख घटना से सीधा एवं महत्वपूर्ण संबंध रखते है जिससे कि श्रीमान के समक्ष किसी वस्तु तथा प्रसंग को प्रमाणित करते हुए रखा जा सकें । श्रीमान को उक्त प्रलेखों से प्रकरण पर क्या प्रभाव पड़ता है । इस संबंध में निर्णय लेने में भी सुविधा होगा ।

अतः श्रीमान से निवेदन है कि शासन को आदेश दिया जावे कि सूची में दिये गये उन समस्त प्रलेखों को प्रकट करें जो उनके आधिपत्य में है, या रह चुके हैं ।

दिनांक : 15.09.93 आवेदकगण

अधिवक्ता वास्ते आवेदकगण

समक्ष भिलाई [दुर्ग] गोली चालन जांच आयोग दुर्ग [म. प्र.]

(3)

अध्यक्ष,

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा

एवं अन्य – 3 – आवेदकगण

: विरुद्ध :

1. मध्य-प्रदेश शासन,
द्वारा जिलाधीश दुर्ग [म. प्र.]

2. अध्यक्ष/सचिव,
भिलाई इण्डस्ट्रीज एसोसियेशन,
61, इंडस्ट्रीयल एरिया भिलाई,
दुर्ग [म. प्र.] – अनावेदकगण

दिनांक 15.09.93

आवेदन पत्र अन्तर्गत आदेश 11 नियम 14 व्या. प्र. सं. सहपठित धारा 4 जांच आयोग अधिनियम 1952 वास्ते प्रलेख प्रस्तुत कराने हेतु आवेदन पत्र ।

आवेदकगण निम्न प्रार्थना करते है :-

1. यह कि आवेदकगण ने प्रलेखों की अपनी सूची में जिन पर वे भरोसा करते है और उन प्रलेखों को शासन के विभिन्न पदाधिकारियों को भेजा है, जो अनावेदक [शासन] के कब्जे में है उन्हें इस जांच के संदर्भ में प्रस्तुत कराना आवश्यक है जिससे कि आवेदकगण प्रभावपूर्ण ढंग से अपने मामले की पैरवी कर सकें । प्रलेखों की सूची जो शासन से पेश कराना है आवेदन पत्र के साथ संलग्न है ।

अतः श्रीमान से निवेदन है कि सूची में दिये गये प्रलेखों को प्रस्तुत करने का आदेश अनावेदक [शासन] को देने की कृपा करें

दिनांक : 15.09.93

आवेदकगण

अधिवक्ता वास्ते आवेदकगण

P. C. KANKARIA
ADVOCATE

समक्ष भिलाई [दुर्ग] गोली चालन जांच आयोग दुर्ग [म. प्र.]

गणेश राम चौधरी, आ. आशाराम चौधरी,
उम्र - 37 वर्ष, उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा,
सी. एम. एम. कार्यालय दल्ली-राजहरा, जिला - दुर्ग,
मध्य-प्रदेश । - आवेदक

: विरुद्ध :

1. मध्य-प्रदेश शासन,
द्वारा जिलाधीश दुर्ग [म. प्र.]

2. अध्यक्ष/सचिव,
भिलाई इन्डस्ट्रीज एसोसियेशन,
61, इंडस्ट्रीज एरिया भिलाई,
दुर्ग [म. प्र.] - अनावेदकगण

दिनांक 15. 09. 93

आवेदन पत्र द्वारा साक्षी गणेश राम चौधरी वास्ते शासन को ओर साक्ष्य शुरू करने का आदेश देने बाबत् ।

आवेदक गणेश राम चौधरी निम्न प्रार्थना करता है :-

1. यह कि गोली चालन एवं उससे हुई मृत्यु तथा चोटें उचित थी, इसे प्रमाणित करने का भार शासन पर है । जब तक शासन अपने को निष्पक्ष प्रमाणित न कर दे तब तक यह माना जायेगा कि गोलीकाण्ड में शासन पूर्ण रूप से दोषी है । यदि शासन अपना साक्ष्य शुरू में देने से इन्कार करते है तो यह माना जायेगा कि शासन दोषी है ।

2. यह कि शासन का पक्ष समाप्त होने के पश्चात ही मैं और अन्य साक्षीगण के पहले बयान लिये जावे उसके बाद प्रतिपरीक्षण किये जावे । शपथ पत्र जो मैंने पेश किया है, वह अपूर्ण है । इसलिए मैंने शपथ पत्र में इस बात का उल्लेख भी किया है कि शपथपत्र को पूर्ण न माना जावें तथा इस संबंध में न्यायालय के सामने परीक्षण किया जावें ।

3. यह कि श्रीमान के समक्ष परीक्षण हुये बिना आवेदक अपना प्रतिपरीक्षण करने तैयार नहीं है ।

... 2 पर

अतः श्रीमान से निवेदन है कि शासन को साक्ष्य शुरू करने का आदेश दिया जावें उनके साक्ष्य समाप्त होने के पश्चात मेरा व हमारे अन्य साक्षियों का परीक्षण एवं प्रति परीक्षण किया जावें । यदि श्रीमान मेरी प्रार्थना से सहमत न हो तों मुझे इस संबंध में उच्च न्यायालय के समक्ष आवेदन दे कर मार्ग दर्शन प्राप्त करने हेतु कम से कम एक माह का समय दिया जावें ।

दिनांकः 15.09.93

आवेदक

A.R. Chandani

अधिवक्ता वास्ते आवेदक

समक्ष: भिलाई [दुर्ग] गोली चालन जाँच आयोग दुर्ग [म.प्र.]

अध्यक्ष,
छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा
एवं अन्य – 3 आवेदकगण

: विरुद्ध :

1. मध्यप्रदेश शासन,
द्वारा जिलाधीश दुर्ग [म.प्र.]

2. अध्यक्ष/सचिव,
भिलाई इन्डस्ट्रीज एसोसियेशन,
61, इंडस्ट्रीयल एरिया भिलाई,
दुर्ग [म.प्र.] – अनावेदकगण

दिनांक : 15.09.93

आवेदन पत्र शासन को साक्ष्य शुरू किये जाने का आदेश दिये जाने बाबत् ।

आवेदक छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा की ओर से निम्न आवेदन प्रस्तुत करता है :-

1. यह कि जाँच आयोग अधिनियम 1952 की धारा 3 के अन्तर्गत श्रीमान को भिलाई[दुर्ग]गोली चालन का जाँच आयोग नियुक्त किया गया जिसे मुख्य रूप से निम्न तथ्यों की जाँच करने और उसके संबंध में रिपोर्ट दिया जाना है —

[1] वे परिस्थितियाँ, पृष्ठभूमि और घटनाक्रम, जिनमें परिस्थिति एक जुलाई 1992 को जिला दुर्ग के भिलाई पावरहाउस के रेल्वे स्टेशन पर पुलिस गोली चालन में हुई,

[2] क्या पुलिस द्वारा किया गया गोली चालन न्यायसंगत था,

[3] स्थिति से निपटने के लिए प्रयोग किये गये बल की पर्याप्तता या अपर्याप्तता और,

[4] भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति का निवारण करने के लिए सिफारिशों को सम्मिलित करते हुए ऐसे अन्य विषय, जो जाँच से आनुषांगिक हो ।

C. KANKARIA
ADVOCATE

2. इस संबंध में जिला प्रशासन ने अपने लिखित विवरण में यह बात स्वीकार की है कि शासन के पुलिस प्रशासन [विभाग] द्वारा दिनांक 01.07.1992 को गोली चलाई गई जिसमें 15 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई उनमें से [illegible] आंदोलनकारी थी है और [illegible]

गोलियों से घायल हो गये इस तथ्य को शासन ने स्वीकार किया है ।

3. शासन के पुलिस विभाग द्वारा गोली चलाया जाना, 15 व्यक्तियों की मृत्यु एवं लाठी एवं गोलियों से सख्त अनेकों व्यक्तियों के घायल होने की बात जिला प्रशासन द्वारा अपने लिखित विवरण में स्वीकार किये जाने के कारण सर्वप्रथम शासन को यह बताना है कि किन परिस्थितियों में पुलिस को गोली चलानी पड़ी, क्या गोली चलाना न्यायसंगत था और क्या पुलिस द्वारा किया गया बल प्रयोग उचित था आदि इसलिए जब तक शासन इस संबंध में श्रीमान के समक्ष साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करता है, तब तक जनता व आंदोलनकारियों का साक्ष्य शुरू नहीं किया जाना चाहिए । साक्ष्य अधिनियम की धारा 102 से धारा 114 के अन्तर्गत भी सबूती का भार जिला प्रशासन को है । और इस प्रकार की घटनाओं में हमेशा गोली चलाने वाले पक्ष द्वारा ही साक्ष्य प्रस्तुत की गई है :--

(1) 12 सितम्बर 1984 को राजनांदगांव में हुए गोली चालन में श्री डी.बी. पाण्डेय जिला एवं सत्र न्यायाधीश एकल आयोग नियुक्त किये गये थे ।

(2) 3 जून को दल्लीराजहरा (दुर्ग) में हुए गोली चालन के संबंध में श्री एस. एस. रत्नाकर, न्यायाधीश (सेवा निवृत्त) उच्च न्यायाधीश मध्य-प्रदेश को एकल आयोग नियुक्त किया गया था ।

इन दोनों में भी शासन की ओर से साक्षियों का बयान पहले लिया गया था और उसके पश्चात आवेदकगण अर्थात जनता एवं आंदोलनकारियों का साक्ष्य लिया गया ।

4. यह कि गोली चालन के संबंध में परिस्थितियाँ और सबूती का संपूर्ण भार जिला प्रशासन पर है और उन्हीं का साक्ष्य पहले शुरू किया जाना चाहिए ।

5. यह कि श्रीमान ने जिला प्रशासन का साक्ष्य शुरू न कर दूसरे पक्ष का साक्ष्य सर्वप्रथम लेने का आदेश दिया है जो कि आवेदकगणों के मत से विधिविपरीत है । इस संबंध में ए.आई.आर. 1990 सुप्रीम कोर्ट पेज 1459 तथा ए.आई.आर. 1979 सुप्रीम कोर्ट 409 विधि निर्णय पर ध्यान दिया जाना उचित होगा ।

अतः श्रीमान से निवेदन है कि जिला प्रशासन (शासन की ओर से) को पहले अपने साक्ष्य शुरू करने का निर्देश देने की कृपा हो ।

P. C. KANKARIA
ADVOCATE

समक्ष भिलाई (दुर्ग) गोली चालन जांच आयोग दुर्ग (म. प्र.)

अध्यक्ष,
छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा
एवं अन्य – 3 ... आवेदकगण

विरुद्ध

1. मध्यप्रदेश शासन,
द्वारा जिलाधीश दुर्ग (म. प्र.)

2. अध्यक्ष/सचिव,
भिलाई इण्डस्ट्रीज एसोसियेशन,
61, इण्डस्ट्रीज एरिया भिलाई,
दुर्ग (म. प्र.) ... अनावेदकगण

दिनांक 17. 09. 93

आवेदन पत्र वास्ते अत्यावश्यक पक्षकार बनाये जाने हेतु ।

प्रार्थी आवेदक निम्न प्रार्थना करता है :-

1. यह कि गोली काण्ड में निम्न संघ पर भी पुलिस द्वारा गोलियां चलाई गई और उनके सदस्यों को संघातिक चोटें आई कुछ श्रमिक इन संघों के मौत के घाट भी उतार दिए गये ।

2. यह कि संभवतः भूलवश इन श्रमिक संघो को पक्षकार नहीं बनाया गया है जो निम्न प्रकार है :-

   1. छत्तीसगढ़ माईन्स श्रमिक संघ दल्ली-राजहरा तहसील बालोद जिला दुर्ग म. प्र. ।

   2. प्रगतिशील सीमेन्ट श्रमिक संघ भिलाई जिला दुर्ग (म. प्र.)

3. यह कि उपरोक्त संघो का घटना से सीधा संबंध है जिसमें से कई सदस्य मर गये और संघातिक चोटों से आज तक पीड़ित है ।

4. यह कि न्याय व समता की दृष्टि से इन्हे पक्षकार बनाना अत्यंत आवश्यक है जिससे कि गरीब श्रमिकों के प्रति उचित न्याय देने में सहूलियत होगी ।

अतः श्रीमान से निवेदन है कि उपरोक्त श्रमिक संघों को पक्षकार बनाया जाय और बिना किसी विलम्ब के नोटिस जारी किया जावे ।

दिनांक :
17. 09. 93

P. C. KANKARIA
ADVOCATE
अधिवक्ता वास्ते
छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा

आवेदक
जनकलाल ठाकुर

समक्ष माननीय दुर्ग(भिलाई) जाँच आयोग

विषय :— 01.07.1992 के बर्बर पुलिस गोलीचालन के सम्बंध में ।

महोदय जी,

विनम्रतापूर्वक निवेदन है कि -

1. यह कि मैंने इस जाँच आयोग के समक्ष शपथ प्रस्तुत किया था, कि मैं उन श्रमिकों में से एक हूँ, जिन्होंने 01.07.92 को पावर हाउस रेलवे लाइन पर पड़ाव "सत्याग्रह" में भाग लिया था, और मैं आयोग के समक्ष उस बर्बर पुलिस गोली चालन के सम्बंध में कुछ तथ्य रख सकता हूँ, जिससे मेरे 16 साथियों की मृत्यु हुई और सैकड़ों श्रमिक महिला - पुरुष घायल हुए ।

2. यह कि मुझे जाँच आयोग के समक्ष बयान हेतु बुलाया गया । मैं दिनांक ..23.07.96..... को आयोग के समक्ष प्रस्तुत हुआ, और मेरा प्रतिपरीक्षण किया गया ।

3. यह कि मैंने माननीय आयोग के समक्ष यह कहा था कि शपथ-पत्र में दिये गये तथ्यों के अलावा 01.07.1992 के पुलिस गोलीचालन के सम्बन्ध में कुछ अन्य ऐसे तथ्य भी है, जिन्हें मैं आयोग के समक्ष बयान करना चाहता हूँ । ये तथ्य गोलीचालन के बाद हुआ दमनचक्र तथा श्रमिकों के प्रति किये गये अमानवीय व्यवहार के संबंध में है, परन्तु माननीय आयोग ने इन तथ्यों को कलमबन्द करने से इन्कार किया ।

4. यहाँ यह बताना प्रासंगिक है कि मैंने अपने शपथ-पत्र में अनुच्छेद ..10.. में कहा था कि शपथ-पत्र में दर्ज तथ्यों के अलावा इस आयोग के जाँच क्षेत्र के विषय में संबंधित कुछ अन्य तथ्यों को मैं आयोग के समक्ष बयान करना चाहूँगा ।

5. यह कि जिन अतिरिक्त तथ्यों को मैं आयोग के समक्ष बयान करना चाहता हूँ, वे सत्य की तह तक पहुंचने के लिए आवश्यक है ।

अतः 01. 07. 1992 के पुलिस गोलीचालन से सम्बंधित अतिरिक्त तथ्यों को बयान करने की अनुमति प्रदान करें ।

दुर्ग,

दिनांक

आवेदक

समक्ष श्रीमान भिलाई (दुर्ग) गोली चालन जांच आयोग दुर्ग, म.प्र.

श्री जनक लाल ठाकुर,
अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा
निवासी, एम.आई.जी. 1/55 हुडको भिलाई
जिला -- दुर्ग ...आवेदक

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 4 जांच आयोग अधिनियम 1952

आवेदक की ओर से निम्न प्रार्थना प्रस्तुत है :-

1. यह कि यह आवेदन छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा की ओर से उसके अध्यक्ष द्वारा पेश किया जा रहा है । छ.मु.मो. का पंजीकृत कार्यालय शहीद चौक, केम्प एक दल्लीराजहरा है ।

2. यह कि आवेदक सविनय निवेदन करता है कि भिलाई पुलिस गोली चालन से संबंधित तथ्य एवं परिस्थितियों को साबित करने हेतु कतिपय शासकीय दस्तावेज आवश्यक है ।

3. यह कि आवेदक को इस बात की डर है कि अब तक कई दस्तावेज नष्ट कर चुके होंगे या बिगाड़ चुके होंगें । अतः निवेदन है कि उक्त सभी दस्तावेजों को माननीय द्वारा तत्काल अधिगृहित करना अति आवश्यक है ।

4. यह कि आवेदक उक्त आवश्यक एवं महत्वपूर्ण दस्तावेजों की सूची संलग्न उपाबंध "अ" व "ब" में दी है ।

5. यह कि आवेदक का निवेदन है कि भिलाई गोली चालन (एक जुलाई 1992) से संबंधित तथ्यों एवं परिस्थितियों के बारे में साक्ष्य देने एवं दस्तावेजों को स्पष्ट करने हेतु कतिपय शासकीय अधिकारियों को आयोग के समक्ष बुलाना चाहिए । उक्त शासकीय गवाहों की सूची उपाबंध " स" में दी गई है ।

अतः निवेदन है कि उपाबंध में दर्शाये गये दस्तावेजों को तत्काल अधिगृहित करने तथा गवाही हेतु शासकीय अधिकारीयों को माननीय के समक्ष बुलाने बाबत आदेश पारित करने की कृपा करें ।

(जनक लाल ठाकुर)
अध्यक्ष
छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा
आवेदक

दुर्ग,
दिनांक

समक्ष श्रीमान भिलाई [दुर्ग] गोली चालन जांच आयोग दुर्ग [म. प्र.]

श्री जनक लाल ठाकुर
अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा
निवासी, एम. आई. जी. 1/55 हुडको, भिलाई
जिला – दुर्ग .

...आवेदक

आवेदक ने जिन दस्तावेजों को आयोग द्वारा अधिग्रहित करने हेतु आवेदन किया है उनकी सूची .

उपाबंध " अ "

1. निम्नलिखित थानाओं से पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर 6 भिलाई को दि. 01. 07. 92 को भेजे गये बेतार संदेश :–
   [1] थाना भिलाई भट्ठी, जिला दुर्ग ।
   [2] थाना छावनी, जिला दुर्ग ।
   [3] थाना सुपेला, जिला दुर्ग ।
   [4] थाना दुर्ग, जिला दुर्ग ।
   [5] थाना नेवई, जिला दुर्ग ।
   [6] थाना उतई, जिला दुर्ग ।
   [7] थाना भिलाई – 3, जिला दुर्ग ।
2. दिनांक 01. 07. 92 को भिलाई पावर हाउस रेल्वे स्टेशन, रेल पटरी, जी. ई. रोड, तथा सिक्स ट्री एवन्यू एवं आसपास के क्षेत्र में पुलिस बल को अधिनियोजित करने संबंधी दस्तावेज ।
3. दिनांक 25 मई से 8 जुलाई 1992 तक की कानून एवं व्यवस्था संबंधित पंजी जो कि पुलिस अधीक्षक दुर्ग के अधीन एवं कब्जे में है ।
4. दिनांक 01. 07. 92 को भिलाई में घटित गोली चालन की पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा प्रतिवेदन ।
5. दिनांक 14. 06. 92 से 08. 07. 92 तक का निम्न थानाओं की रोजनामचा :–
   [1] थाना जामुल, भिलाई, जिला दुर्ग ।
   [2] थाना छावनी, भिलाई, जिला दुर्ग ।
   [3] थाना भिलाई भट्ठी, भिलाई जिला दुर्ग ।
   [4] थाना कोतवाली भिलाई, जिला दुर्ग
   [5] थाना दुर्ग, जिला दुर्ग ।

... 3 पर

6. दिनांक 01.07.92 को पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर 6, भिलाई से [1] कार्यालय संभागीय आयुक्त, रायपुर [2] गृह सचिव, भोपाल [3] थाना दुर्ग [4] थाना भिलाई भट्ठी [5] थानछावनी [6] उद्योग मंत्री, [7] श्रम मंत्री, [8] मुख्यमंत्री [9] डी.आई.जी. भिलाई क्षेत्र [10] डी.आई.जी. छत्तीसगढ़ क्षेत्र "रायपुर" को भेजा गया बेतार संदेश।

7. प्रश्नाधीन घटना के संबंध में पुलिस मानुवल 444 के तहत पुलिस अधीक्षक जिला दुर्ग द्वारा उच्चतर अधिकारीयों को भेजी गई मूल रिपोर्ट।

8. प्रश्नाधीन घटना के संबंध में पुलिस मानुवल 444 के तहत मजिस्ट्रेट द्वारा भेजी गई मूल रिपोर्ट।

9. प्रश्नाधीन घटना के संबंध में आयुक्त रायपुर संभाग द्वारा गृह सचिव भोपाल को भेजी गई मूल रिपोर्ट।

10. दिनांक 01.07.92 को भिलाई में गोली चालन का आदेश किसी मजिस्ट्रेट द्वारा दिया गया तो उक्त मजिस्ट्रेट की मूल रिपोर्ट।

11. जिला प्रशासन द्वारा 25.05.92 से 08.07.92 तक की स्थिति के बारे में श्रम विभाग म.प्र. शासन को प्रेषित रिपोर्ट/संचार [संदेश] की मूल प्रति।

12. स्थल नक्शा [प्रश्नाधीन घटना स्थल]

13. पुलिस थाना की स्टाक पंजी की प्रति।

14. राइफल बट क्र. की जप्ती राप।

15. अश्रु गैस देने और वापस लेने की प्रति।

16. स्टाक पंजी से उपयोग में लाई गई अश्रु गैस से संबंधित आदेश।

17. अश्रु गैस की व्यय की प्रति "व्यक्त" चिन्हित।

18. रायफल और कारतूस की जप्ती।

19. मस्केट की जब्ती का द्राप।

20. कंपनी की शस्त्र स्टक पंजी की प्रति।

21. कंपनी शस्त्र के दैनिक व्यय का पंजी की प्रति।

22. कंपनी की गोला-बारूद पंजी की प्रति।

23. कंपनी की दैनिक गोला-बारूद व्यय की पंजी की प्रति।

... 4 पर

8

24. फायर क्रमांक 9583-5966-दो-डी-(एक) तारीख 23.10.92 संबंधी हिदायत ।

25. सचिव, भारत सरकार की रिपोर्ट प्रश्नाधीन घटना से संबंधित ।

26. भिलाई क्षेत्र में लागू कर्फ्यू आर्डर दिनांकित 01.07.92 की मूल प्रति ।

27. पंचनामा एवं फायरिंग से मृत लोगों की लाश जहाँ पाया गया उस स्थान की स्थल नक्शा ।

28. पोस्टमार्टम रिपोर्ट, क्षति रिपोर्ट एवं मेडिकल रिपोर्ट-उपनिरीक्षक टी.के. सिंह से संबंधित ।

29. टी.के. सिंह जहाँ घायल हुए उस स्थान की स्थल रिपोर्ट तथा पंचनामा ।

30. टी.के. सिंह की हत्या से संबंधित अपराध प्रकरण (क्रमांक 186/92) की केस डायरी ।

31. दिनांक 01.07.92 के भिलाई पुलिस गोली काण्ड में घायल लोगों की मेडिकल रिपोर्ट, बेड रिपोर्ट डिस्चार्ज स्लीप, एक्स-रे रिपोर्ट आदि समेत, सेक्टर-9 बी.एस.पी. अस्पताल तथा शासकीय जिला अस्पताल दुर्ग ।

32. भिलाई गोली काण्ड दिनांक 01.07.92 में मृत 16 व्यक्तियों के पोस्ट मार्टम रिपोर्ट ।

दुर्ग

दिनांक

जनक लाल ठाकुर

समक्ष श्रीमान भिलाई [दुर्ग] गोली चालन
जांच आयोग , दुर्ग [म. प्र.]

श्री जनक लाल ठाकुर
अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा
निवासी- एम, आई, जी. 1/55 हुडको, भिलाई
जिला - दुर्ग .

...आवेदक

उपाबन्ध "ब"

1. प्रगतिशील इंजीनियरिंग श्रमिक संघ टेडेसरा [राजनांदगांव], भिलाई एवं उरला [रायपुर] के औद्योगिक संस्थानों में श्रम कानून लागू करवाने हेतु उठाये औद्योगिक विवाद से संबंधित ए. एल. सी. रायपुर के समक्ष सुलह वार्ता दिनांक से तक की मिनिट्स की मूल प्रति ।

2. उपरोक्त प्रश्नाधीन विवाद से संबंधित श्रम कानून आयुक्त इंदौर के समक्ष दिनांक से तक की मिनिट्स की मूल प्रतियां ।

3. निम्न लिखित उद्योगपतियों के विरूद्ध श्रम विभाग श्रम कानून के उल्लंघन के मामले में श्रम विभाग द्वारा दर्ज प्रकरणों की फाइलें ।

[1] सिम्पलेक्स ग्रुप आफ इंडस्ट्रीज ।
[2] केडिया डिस्टलरी भिलाई एवं छत्तीसगढ़ डिस्टलरी कुम्हारी ।
[3] बी. ई. सी. उद्योग समूह, भिलाई, टेडेसरा ।
[4] बी. के. उद्योग समूह, भिलाई, टेडेसरा, उरला
[5] भिलाई वायर्स एवं खेतावत उरला ।

दुर्ग
दिनांक :

जनक लाल ठाकुर
अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा
आवेदक

समक्ष श्रीमान भिलाई [दुर्ग] गोली चालन

जांच आयोग दुर्ग म.प्र.

श्री जनक लाल ठाकुर,
अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा,
निवासी-एम.आई.जी. 1/55 हुडको, भिलाई,
जिला - दुर्ग ।

... आवेदक

उपाबन्ध "ख"

जांच आयोग के समक्ष गवाही देने एवं दस्तावेज स्पष्टीकरण बाबत् जिन अधिकारियों एवं पूर्व मंत्रियों को आहूत करने आयोग से आवेदक द्वारा निवेदन किये गये हैं उन लोगों की सूची :-

1. प्रश्नाधीन घटना समय के दुर्ग जिला कलेक्टर श्री तोमर ।
2. प्रश्नाधीन घटना के समय के दुर्ग अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्री पाण्डे ।
3. प्रश्नाधीन घटना समय के दुर्ग पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह ।
4. तत्कालीन संभाग आयुक्त श्री ए.डी. मोहिले ।
5. तत्कालीन डी.आई.जी. श्री एन.के. हलोरिया ।
6. तत्कालीन कलेक्टर राजनांदगांव श्री श्रीवास्तव ।
7. तत्कालीन सेक्टर-6 कोतवाली थाना टी.आई. श्री राजेश तिवारी ।
8. तत्कालीन भट्ठी थानेदार टी.आई. श्री संजय बोरकर [रायफल पार्टी प्रभारी] ।
9. तत्कालीन प्रभारी आर.पी.एफ. भिलाई - 3
10. श्री प्रेमप्रकाश पांडे पूर्व विधायक भिलाई ।
11. सचिव उद्योग मंत्रालय, भोपाल ।
12. बृजमोहन अग्रवाल पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक रायपुर ।
13. तत्कालीन उद्योग मंत्री श्री कैलाश चंद्र जोशी ।
14. तत्कालीन मुख्य मंत्री श्री सुन्दर लाल पटवा ।
15. तत्कालीन गृह मंत्री बाबूलाल गौर ।

दुर्ग
दिनांक ।

जनक लाल ठाकुर
अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा
आवेदक

// पावती पत्र //

विवरण, शपथपत्र पर दस्तावेज एवं साक्ष्य सूची प्रस्तुतकर्ता का नाम	प्रस्तुत विवरण शपथ पत्र, दस्तावेज सूची का विवरण तथा पक्षकारों का नाम	कार्यालय का विवरण जिसमे पेश किया गया है	उक्त विवरण आदि प्राप्त [illegible] वाले अधिकार[illegible] हस्ताक्षर त[illegible] प्राप्ति के दिन[illegible]
(1)	(2)	(3)	(4)
श्री जगदलाल ठाकुर अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा, MIG-1/55 हुडको भिलाई	आवेदन आवेदित धारा 4 जांच आयोग अधिनियम	जांच आयोग, (गोलीकाण्ड भिलाई एवं राजनांदगांव) दुर्ग	[illegible] भिलाई [illegible] जांच आयो[illegible]

समक्ष श्रीमान भिलाई [दुर्ग] गोली चालन जांच आयोग, दुर्ग [म. प्र.]

श्री जनक लाल ठाकुर,
अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा,
निवासी- एम. आई. जी. 1/55, हुडको, भिलाई,
जिला - दुर्ग

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 4 जांच आयोग अधिनियम 1957 वास्ते गवाहो को आहूत करने बाबद् ।

आवेदक की ओर से माननीय के समक्ष निम्न सविनय प्रार्थना प्रस्तुत है:-

1. यह कि यह आवेदन छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा की ओर से उसके अध्यक्ष द्वारा पेश किया जा रहा है । छ. मु. मो. का पंजीकृत कार्यालय शहीद चौक केम्प एक दल्लीराजहरा है ।

2. यह कि भिलाई में विगत तीन साल से छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में जारी मजदूर आंदोलन के दौरान अनेक विशेषज्ञ तथा माननीय लोगों ने भिलाई क्षेत्र में आकर यहां के औद्योगिक संबंध तथा विवाद के बारे में विस्तृत अध्ययन किया है ।

3. यह कि उक्त लोगों ने विशेषकर वे परिस्थितियां पृष्ठभूमि और घटना-क्रम जिनकी परिणति एक जुलाई 1992 गोली चालन में हुइ, का विश्लेषण एवं अध्ययन किया है ।

4. यह कि भिलाई पुलिस गोली चालन के संदर्भ में समुचित निष्कर्ष निकालने एवं भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति निवारण करने के लिए सुझाव देने के आयोग की अपनी जिम्मेदारी सम्यक रूप से निपटाने में उपाबन्ध "अ" तथा "ब" में दर्शाये गये व्यक्तियों का परीक्षण करना जरूरी है ।

अतः निवेदन है कि उक्त व्यक्तियों को परीक्षण हेतु आहूत करने का आदेश पारीत करने की कृपा करें ।

दुर्ग

दिनांक: 09.07.93

आवेदक

जनक लाल ठाकुर

उपाबन्ध "अ"

1. श्री कुलदीप नैयर, वरिष्ठ पत्रकार ।
2. श्री डी. एस. तेवतिया, भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश कलकत्ता उच्च न्यायालय, । एवं पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ।
